ISO 9001:2015 CERTIFIED

साप्ताहिक
# नीमच हेडलाइन्स

पंजीयन क्रमांक- MPHIN/2018/76962

अंचल का तेज़ी से बढ़ता न्यूज़ नेटवर्क...
NEEMUCH HEADLINES
ख़बर वही, जो हम दिखाते है...

"व्यक्ति अपने विचारों से निर्मित प्राणी है, वह जो सोचता है वही बन जाता है."

संस्थापक- स्व.इंद्रदेव जी जाजपुरा
प्रधान सम्पादक - अविनाश जाजपुरा
साप्ताहिक समाचार पत्र,एप, वेब पोर्टल और न्यूज़ चैनल

वर्ष - 07 | अंक- 29 | नीमच, बुधवार 8 से 14 जनवरी 2025 तक | कुल पृष्ठ - 08 | मूल्य - 5 ₹

# सरकारी कर्मचारियों के लिए जारी हुआ बड़ा फरमान देनी होगी प्रॉपर्टी की जानकारी, वर्ना होगी कड़ी कार्रवाई

## मध्यप्रदेश के समस्त सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों को अपनी अचल संपत्ति का ब्यौरा 31 जनवरी तक देना होगा।

मध्यप्रदेश में चर्चित सौरभ शर्मा केस मामले में सरकार को जमकर किरकिरी हुई है। जिसके चलते सरकार की ओर से सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को 31 जनवरी तक संपत्ति का ब्यौरा सौंपने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। तय समय सीमा में सपंत्ति की जानकारी न देने वाले कर्मचारी पर कार्रवाई की जाएगी।

दरअसल, कर्मचारियों को बताना होगा कि वह किस पद पर हैं और उनकी सैलरी कितनी होगी। किस जिले में पदस्थ हैं। इसके अलावा नौकरी ज्वाइन करने पहले कितनी अचल संपत्ति उनके द्वारा खरीदी गई। सपंत्ति खरीदते समय उसकी क्या कीमत थी और वर्तमान में क्या कीमत है। वहीं, संपत्ति से कितनी इनकम प्राप्त होती है।

### फॉर्मेट में देनी होगी जानकारी

सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों को हर साल अपनी संपत्ति का ब्यौरा देना होता है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से पूरी जानकारी अपने-अपने विभाग की वेबसाइट पर जारी करने के निर्देश दिए थे। जिसके लिए कर्मचारियों को फॉर्मेट में ही पूरी जानकारी देनी होगी।

### संपत्ति का ब्योरा किस प्रकार देना होगा

**वर्तमान पद और वेतनः** कर्मचारी को अपनी वर्तमान स्थिति, पद, जिला और वेतनमान का विवरण देना होगा।

**अचल संपत्ति का विवरणः** सरकारी नौकरी में आने से लेकर अब तक अपनी और परिवार के सदस्यों के नाम से कितनी अचल संपत्ति खरीदी गई, इसका ब्यौरा देना होगा।

**संपत्ति की कीमतः** अचल संपत्ति खरीदी करते समय उसकी कीमत और वर्तमान कीमत के बारे में जानकारी देनी होगी।

**आय का विवरणः** संपत्ति से प्राप्त होने वाली आय का ब्योरा भी कर्मचारियों को देना होगा।

**संपत्ति का स्वामित्वः** कर्मचारियों को यह बताना होगा कि उनकी संपत्तियां खुद अर्जित की गई हैं या फिर पुश्तैनी हैं।

**भुगतान का विवरणः** अगर संपत्ति खुद अर्जित की है, तो उसका भुगतान कैसे किया गया, इसकी भी जानकारी देनी होगी।

### कर्मचारियों को मिली चेतावनी

इन आदेशों के तहत कर्मचारियों को चेतावनी दी गई है कि अगर वे अपनी संपत्ति का विवरण निर्धारित समय सीमा में नहीं देंगे, तो प्रशासनिक स्तर पर कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। वेतन वृद्धि, प्रमोशन और अन्य सरकारी लाभों पर भी इसका असर पड़ सकता है।

### अन्य राज्यों में भी लागू है यह आदेश

मध्य प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों में भी सरकारी कर्मचारियों को संपत्ति का ब्योरा देने का आदेश जारी किया गया है।

**बिहारः** बिहार सरकार के आदेश के अनुसार, सभी सरकारी कर्मचारियों को 31 जनवरी 2025 तक अपनी चल-अचल संपत्ति का विवरण जिला प्रशासन को देना होगा। इसमें अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों और अन्य विभागों के कर्मचारियों को भी शामिल किया गया है।

**उत्तर प्रदेशः** उत्तर प्रदेश में भी सभी सरकारी कर्मचारियों को 31 जनवरी 2025 तक अपनी संपत्ति का ब्योरा देना होगा। विभागीय प्रमोशन समितियों की बैठकें 1 फरवरी 2025 से शुरू होंगी, और जिन कर्मचारियों ने संपत्ति का विवरण नहीं दिया, उनका प्रमोशन नहीं किया जाएगा।

**राजस्थानः** राजस्थान के कर्मचारियों को अपनी संपत्ति का ब्योरा SSO-ID के माध्यम से राजकाज पोर्टल पर देना होगा। 31 जनवरी के बाद यह पोर्टल बंद हो जाएगा और संपत्ति का विवरण न देने पर कर्मचारियों की वेतन वृद्धि और प्रमोशन पर विचार नहीं किया जाएगा।

**झारखंडः** झारखंड में सरकारी कर्मचारियों को 28 फरवरी 2025 तक अपनी संपत्ति का विवरण देना होगा। यह विवरण मानव संपदा प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से देना अनिवार्य है,





## विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण खबर

# बदला एग्जाम पैटर्न, 10वीं और 12वीं में अब इतने अंक की होगी परीक्षा

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने इस बार से बोर्ड परीक्षाओं का पैटर्न बदल दिया है, परिवर्तन के बाद अब 10वीं की परीक्षा के प्रत्येक विषय के पेपर के लिए 75 अंक निर्धारित किये गये हैं जबकि आन्तरिक मूल्यांकन के लिए 25 अंक होंगे।

मपी बोर्ड से 10वीं और 12वीं की परीक्षा से रहे विद्यार्थियों के लिए ये बड़ी खबर है, इस साल परीक्षाओं को लेकर माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बड़ा बदलाव किया है, बोर्ड ने परीक्षाओं के पैटर्न को ही बदल दिया है, अब नये पैटर्न के मुताबिक अब 10वीं के प्रत्येक विषय का पेपर 75 अंक का होगा और 12वीं के विषयों का पेपर 80 अंक का होगा। MP Board ने नए पैटर्न वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है।




माध्यमिक शिक्षा मंडल ने इस बार से बोर्ड परीक्षाओं का पैटर्न बदल दिया है, परिवर्तन के बाद अब 10वीं की परीक्षा के प्रत्येक विषय के पेपर के लिए 75 अंक निर्धारित किये गये हैं जबकि आन्तरिक मूल्यांकन के लिए 25 अंक होंगे, इसी तरह 12वीं की परीक्षा के प्रत्येक विषय के पेपर 80 अंक के और आन्तरिक मूल्यांकन 20 अंक का होगा, इसके अलावा जो विषय प्रेक्टिकल वाले हैं उनकी परीक्षा 70 अंकों की होगी और प्रेक्टिकल मार्क्स 30 नम्बर के होंगे।

### MP Board ने दी ये जानकारी

एमपी बोर्ड ने एक सूचना पत्र जारी कर बताया है कि हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी परीक्षा वर्ष 2024-25 के लिए परीक्षा पैटर्न के आधार पर प्रश्न पत्रों के पैटर्न की जानकारी के लिए मुख्य विषयों के अभ्यास के लिए सैंपल पेपर मंडल की वेबसाइट पर अपलोड किए गए हैं। इन प्रश्न पत्रों का मुख्य परीक्षा में उपयोग होने वाले प्रश्न पत्रों से कोई संबंध नहीं होगा न ही विशेष प्रश्न के रूप में इसे लिया जाये।

### ये MP Board Exams शेड्यूल

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की प्रीबोर्ड परीक्षा की जारी समय-सारणी के अनुसार 10वीं की प्री बोर्ड परीक्षा 16 से 22 जनवरी तक सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक आयोजित होगी। जबकि 12वीं की परीक्षा 16 से 24 जनवरी तक आयोजित होगी। 10वीं बोर्ड की मुख्य परीक्षा 27 फरवरी से 19 मार्च 2025 के बीच होगी। अधिक जानकारी के लिए विद्यार्थी एमपी बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट mpbse.nic.in पर विजिट कर सकते हैं।


## सीएम डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर हाईकोर्ट का आभार जताया

# यूनियन कार्बाइड कचरे के मुद्दे पर सरकार को मिला 6 हफ्ते का समय

पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड के कचरे को जलाने के मुद्दे पर चल रहे विवाद के बीच मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने जबलपुर हाई कोर्ट द्वारा छह सप्ताह का समय दिए जाने पर धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा "हमने जो कहा था, वही बात हमने हाई कोर्ट में भी रखी है। हाईकोर्ट के निर्देशानुसार हमने यूनियन कार्बाइड का कचरा पीथमपुर में शिफ्ट किया था।"मुख्यमंत्री ने कहा कि जन भावनाओं का सम्मान करते हुए और सभी पक्षों को ध्यान में रखते हुए हाई कोर्ट ने यह फैसला लिया है कि इस मामले में सभी पक्षों को अपनी बात रखने का मौका दिया जाएगा। इसके लिए अदालत ने छह सप्ताह का समय तय किया है। उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट ने इस बात को माना है कि सभी पक्षों को सुनने के बाद ही कोई अंतिम फैसला लिया जाएगा।

### मुख्यमंत्री ने कहा 'अदालत का फैसला सरकार की मंशा के अनुरूप'

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हाईकोर्ट के इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे सरकार की मंशा के अनुरूप बताया। उन्होंने कहा, "मैं माननीय हाई कोर्ट को धन्यवाद देता हूं। हाई कोर्ट ने जो फैसला दिया है, वह सरकार की मंशा को जानकर दिया है। हम माननीय हाई कोर्ट की परामर्श के बाद ही आगे बढ़ेंगे।" इसी के साथ उन्होंने पीथमपुर के लोगों से अपील की कि वे अपनी चिंताओं और विचारों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा, "मैं भी यही कहना चाहूंगा कि सभी पक्ष माननीय न्यायालय के सामने अपनी बात रखें।



अभी समय है। यह फैसला हम सबकी आशा और अपेक्षा के अनुरूप आया है।"

### सरकार को मिला छह हफ्ते का समय

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उनकी सरकार का पूरा विश्वास और आस्था माननीय हाई कोर्ट में है और वह इसके निर्देशों का पालन करते हुए जनभावनाओं का सम्मान करते हुए ही आगे कदम बढ़ाएंगे। बता दें कि पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड के कचरे से जुड़े मामले में हाईकोर्ट ने आज सरकार को निर्देश दिया है कि वह जनता को इस मुद्दे पर भरोसे में लेने के लिए अगले छह हफ्तों के भीतर ठोस कदम उठाए। साथ ही, मीडिया को भी सख्त हिदायत दी गई है कि किसी भी प्रकार की भ्रामक या असत्य जानकारी प्रकाशित या प्रसारित न करें। इस मामले की अगली सुनवाई 18 फरवरी को होगी।

# किसानों को सोयाबीन के भुगतान में हो रही देरी, कलेक्टर को सोपा ज्ञापन




नीमच जिले के किसानों ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर सोयाबीन के समर्थन मूल्य पर विक्रय की गई राशि का भुगतान न होने को लेकर प्रशासन से जल्द समाधान की मांग की। किसानों का कहना है कि उन्होंने एक महीने पहले सोयाबीन विक्रय किया था, लेकिन अब तक उन्हें भुगतान नहीं किया गया है। जबकि, नियमानुसार भुगतान 7 दिन के अंदर हो जाना चाहिए था। मनासा तहसील के नलवा गांव के किसानों ने जनसुनवाई में कलेक्टर से कहा कि वे अपनी मेहनत की कमाई के लिए परेशान हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि एक महीने से भी ज्यादा समय हो चुका है, लेकिन उनका भुगतान नहीं किया गया। किसानों ने कलेक्टर से तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि प्रशासन को इस गंभीर मुद्दे का संज्ञान लेकर जल्द समाधान करना चाहिए।

# बदमाश चंद सेकंड में चुरा लेते है बाइक मास्टर चाबी का से खोला लॉक

**नीमच**। शहर में इतने शातिर चोर हो गए है की चंद सेकंड में बाइक को उड़ा ले जाते है, आए दिन ऐसे मामले और वीडियो सामने आते रहते है। यह बाइक चोर बड़े शातिर तरीके से चोरी को अंजाम देते है, पहले बाइक का हेंडल लॉक तोड़ते है उसके बाद मास्टर चाबी का उपयोग कर बाइक को चुरा ले जाते है। मनासा नगर के जनपद पंचायत कार्यालय के बाहर रविवार रात को एक हैरान करने वाली घटना घटी। जहां एक अज्ञात बदमाश ने महज कुछ सेकंडों में एक बाइक चुरा ली। जब बाइक मालिक कुछ काम से अपने दोस्त के साथ गया और वापिस आकर देखा तो बाइक गायब थी। पीड़ित देव किशन तिवारी अपने मित्र यशवंत राठौर के साथ, यशवंत की दुकान के बाहर बाइक खड़ी कर घूमने निकले थे। जब वह करीब 10:00 बजे वापस लौटे, तो देखा कि उनकी बाइक गायब थी। शंका होने पर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की गई, कैमरे में चोरी की पूरी घटना कैद हो गयी। वीडियो में साफ तरीके से देखा जा सकता है की बदमाश ने बड़ी चतुराई से कुछ ही सेकंड में बाइक चुरा ली। पीड़ित देव किशन ने मनासा थाने में इस घटना की रिपोर्ट दर्ज करवाई।




बाइक हीरो कंपनी की सीडी डीलक्स थी, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर एमपी 44 एमबी 9260 है। मनासा पुलिस ने अज्ञात बदमाश पर मामला दर्ज कर लिया और तलाश शुरू कर दी।

# गुमटी रखने की बात को लेकर दो पक्षों में विवाद





नीमच शहर के बघाना थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले रेलवे स्टेशन के सामने रविवार शाम को सीआरपीएफ रोड़ पर गुमटी रखने की बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। सूचना पर बघाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाइश दी। मामले को शांत कराया।साथ ही दोनों पक्षों को सोमवार को थाने पर भी बुलाया है। बताया गया कि सौंदर्य करण के लिए नगर पालिका ने उक्त मार्ग को चौड़ा करने के लिए अतिक्रमण पिछले दिनों हटाया था।उक्त स्थान पर लगी गुमटियों को भी गुमटियां पीछे सरकाने के निर्देश दिए गए थे। विवाद शुरू भी यहीं से हुआ। एक पक्ष के महेंद्र अहीर का कहना है कि वह पिछे कई वर्षो से दूसरे पक्ष के अजित सैनी को एक हजार रुपए प्रति माह किराया देकर दुकान का 28 वर्ष से संचालन कर रहा था।

जबकि गुमटी शासकीय नगर पालिका की भूमि पर लगाई गई है। जिसे हटाकर वे नई गुमटी लगा रहे हैं। मेरा उनसे कहना है कि पास की जगह पर मुझे घूमती लगने दी जाए। इसके लिए वे मना कर रहे हैं। ऐसे में मेरे सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा।वहीं दूसरे पक्ष के अजित सैनी का कहना है कि नगर पालिका अध्यक्ष ने सौंदर्यीकरण के लिए हमसे गुमटी कुछ पीछे सरकने के लिए कहा गया था। जिस पर हमने उसे ठीक कर गुमटी को पीछे सरकाया है। लेकिन महेंद्र अहीर अब उक्त जगह अपनी गुमटी लगाना चाहता है, जो हमारी गुमटी के सामने है। हम इस बात का विरोध कर रहे हैं। किसी भी तरह का कोई किराया नहीं लिया जा रहा है। परिचय होने के कारण दुकान लगाने के लिए कुछ समय के लिए गुमटी दी थी। पहले पिताजी दुकान लगते थे। वहीं विवाद के चलते लोगों की भीड़ भी मौके पर जमा हो गई। पुलिस ने फिलहाल दोनों पक्षों को समझ कर थाने बुलाया है। जहां आगे का निर्णय दिया जाएगा। फिलहाल इस मामले में किसी भी तरह का प्रकरण दर्ज नहीं हुआ है।

# एसपी ने उत्कृष्ट व सराहनीय कार्य करने वालों को किया सम्मानित




**नीमच***सीएम डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर कोविड-19 महामारी के दौरान खुद की जान हथेली पर रख संक्रमितों का जीवन बचाने में लगे रहे कोरोना योद्धाओं का पुलिस कंट्रोल रूम पर सम्मान समारोह किया। पुलिस मुख्यालय भोपाल से नीमच में कोविड-19 महामारी में उत्पन्न संकट के दौरान उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले 303 अधिकारियों-कर्मचारि यों के लिए प्रशस्ति पत्र व पदक प्रदान किए। प्रथम चरण में रविवार को पुलिस कंट्रोल रूम स्थित सभागृह में 25 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सम्मान किया गया।शुरू में एसपी अंकित जायसवाल, एएसपी नवलसिंह सिसौदिया, सीएसपी अभिषेक रंजन ने सरस्वती माता की पूजा-अर्चना की। उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा निकिता सिंह, शब्बीर मेव, विकास पटेल, विजय सागरिया, मनोजसिंह चौहान, जितेन्द्र वर्मा, भूरालाल भाभर, भुवानसिंह गोरे, उर्मिला चौहान, सौरभ शर्मा, निलेश अवस्थी, भीम सिंह सिसौदिया, शिव रघुवंशी, धर्मेंद्रसिंह गौर, सुरेश सिसौदिया, एम. भानुप्रताप राठौर, शशिकला चौहान, भेरूसिंह शक्तावत, प्रदीप शिन्दे, कमलसिंह चौहान, प्रणव तिवारी, महेन्द्रसिंह तोमर एवं प्रीति कंडारा को एसपी ने सम्मानित किया।

# गुरु गोविंद सिंह जी के 359 वें प्रकाश पर्व की धूम,शहर के प्रमुख मार्गो से निकला भव्य नगर कीर्तन, जगह - जगह

नीमच में सिक्खों के10वें गुरु गोविंद सिंह के 359वां प्रकाश पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया है। इसी कड़ी में रविवार दोपहर को शहर के नगर पालिका कार्यालय के सामने स्थित गुरुद्वारे से एक साथ शोभा यात्रा और नगर कीर्तन यात्रा निकाली गई।

यह नगर कीर्तन यात्रा गुरुद्वारे से शुरू होकर लायंस पार्क चौराहा, वीर पार्क रोड, जैन भवन रोड, भारत माता चौराहा, कमल चौक, फव्वारा चौक, नया बाजार, पुस्तक बाजार आदि प्रमुख इलाकों से होती हुई पुनः गुरुद्वारे पर संपन्न हुई। इस दौरान इस दौरान यात्रा का जगह-जगह पर सामाजिक संगठनों और प्रबुद्ध जनों ने पुष्प वर्षा स्वागत किया और यात्रा में शामिल लोगों का अभिनंदन किया। इस अवसर पर आकर्षक व सुसज्जित बस में सवार होकर बाबाजी की पालकी नगर भ्रमण पर निकली।

इस दौरान वीर खालसा तरण पंजाब गतका पार्टी के हैरतंगेज करतब व फतेह बैंड भटिंडा पंजाब द्वारा सुंदर बैकपायपर के संगीत पर प्रस्तुतियां दी गई। जिन्हें देखने के लिए लोग बड़ी संख्या में जूटे। समाज की मातृ शक्ति नगर कीर्तन के रास्ते को अपने हाथों से झाड़ू लगाकर साफ करती हुई नजर आई। समाज को स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सिख समाज के महिला पुरुष बच्चे सभी उत्साह के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए।







# सांसद सुधीर गुप्ता ने चाइनीज मांझे की बिक्री और दुर्घटनाओं के बढते मामले को लेकर अधिकारियों के संज्ञान में डाला

## आमजन से की अपील, बिक्री करने वालो के खिलाफ हो सख्त कार्रवाई

**मंदसौर/ नीमच।** जानलेवा होते चाइनीज मांझे के बिक्री पर पर प्रतिबंध लगाने और बिक्री करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को लेकर सांसद सुधीर गुप्ता ने अधिकारियों से चर्चा की और नाराजगी जाहीर की। पूर्व में भी सांसद गुप्ता ने नीमच, मंदसौर व रतलाम के कलेक्टर को पत्र लिख कर चाइनीज मांझे की बिक्री करने वालों के खिलाफ सख्म कार्रवाई करने की बात कही। सांसद गुप्ता ने कहा कि पिछले कई समय से देखने में आ रहा है कि जिले मे चाइनीस मांझे का उपयोग लगातार बढ़ता जा रहा है। जिसके दुष्परिणाम लगातार सामने आ रहे है। यह



आमजन, पशु-पक्षियों के लिए घातक सिद्ध हो रहा है। लगातार हो रही दुर्घटनाओं के कारण इस पर प्रतिबंध के बाद भी इसकी बिकी खुले रूप से हो रही है। एक दिन पूर्व भी संजीत नाके पर चाइनीज मांझे की चपेट में आने से नागरिक की गर्दन पर काफी गहरा जख्म हो गया। ऐसी घटनाओं की पुनः ना हो इसके लिए सभी अधिकारी कठोर कदम उठाए। उन्होने कहा कि एक टीम गठित की जाकर दुकानो की जांच करवाई जाए तथा ग्रामीण एवं शहरी पंतग, डोर व्यापारियो को निर्देश एवं समझाईश दी जाए तथा सख्ती के साथ इस पर कार्यवाही हो सके। इसी के साथ ही उन्होने शहर वासियों से अपील की है कि वो अपने बच्चों को समझाये की वो चाइनीज मांझे का इस्तेमाल न करें। अगर कोई भी चाइनीज मांझे की बिक्री करता है तो उसकी सूचना प्रशासन को देवे।

# मन्दसौर पुलिस ने ट्रक से 20 लाख की 52 पेटी अग्रेजी शराब पकड़ी, एक आरोपी गिरफ्तार



**मंदसौर।** नई आबादी पुलिस थाना अंतर्गत नालछा माता फंटा से पुलिस ने ट्रक में भरकर ले जाई जा रही 52 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त की है। मामले में आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी अनुसार एएसआई सुनीलसिंह तौमर को मुखबिर सुचना मिली की एक व्यक्ति नीमच की तरफ से एक सफैद/लाल रंग का अशोक लिलेण्ड कम्पनी का ट्रक जिसका नंबर GJ 08 AW 9137 के अन्दर स्कीम बनाकर भारी मात्री में अवैध शराब लेकर जाने वाला है। मुखबिर सुचना की तस्दीक एवं कार्यवाही हेतु सउनि सुनीलसिंह तौमर द्वारा पुलिस टीम के साथ नालछा माता फंटा पर नाकांबदी की। ट्रक क्रमांक GJ08 AW9137 को रोककर तलाशी ली गई। जिमसे सुनोयोजित तरीके से ट्रक के अन्दर स्कीम बनाकर रखी गई अवैध शराब जब्त की। पुलिस ने बताया कि आरोपी कृष्ण पिता मेवाराम शाक्य निवासी फतेहाबाद हरियाणा को गिरफ्तार किया है। आरोपी से अवैध शराब के परिवहन के संबंध में पुछताछ कर शराब के स्त्रोतो के संबंध में पुछताछ की जा रही है।

# बरकटी में आज से बहेगी श्रीमद् भागवत ज्ञानगंगा

ब्यूरो रिपोर्ट- भगत मागरिया |चीताखेड़ा

समीपस्थ बरकटी गांव में स्थित चमत्कारी शिव मंदिर एवं बजरंग मंदिर की पावन धरा पर आज दिवस 08 जनवरी बुधवार से 14 जनवरी मंगलवार 2025 तक प्रतिदिन प्रातः 11:00 बजे से शाम 4 बजे तक संगीतमय साप्ताहिक श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा प्रवचन का आयोजन परम् पूज्य गुरुदेव श्री दस महाविद्या साधक श्री पंडित हरिश व्यास जी के कृपा पात्र सनातन धर्म प्रचारक के प्रतिक कथा मर्मज्ञ पंडित श्री दीपक शास्त्री महाराज इंदौर वाले के मुखारविंद से प्रवाहित किये जाएंगे। उपरोक्त जानकारी सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अग्रणी रहने वाले श्रीमद् भागवत कथा समिति बरकटी के वरिष्ठ देवीलाल रावत ने प्रेस विज्ञप्ति में देते हुए बताया है कि 08 जनवरी बुधवार को प्रातः 9 बजे से बजरंग एवं शिवमंदिर से श्रीमद् भागवत पोथी एवं भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो गांव के विभिन्न मार्गों से परिभ्रमण करती हुई पुनः शिव एवं बजरंग मंदिर परिसर में आयोजित कथा पंडाल में पहुंचेगी। श्री रावत ने बताया कि यह कथा भारतीय संस्कृति के पावन उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने तथा मानवता का संदेश एवं सनातन धर्म के प्रचार के उद्देश्य को लेकर होने जा रही है। मानवीय गुणों का प्रत्येक व्यक्ति में बीजारोपण करता है राष्ट्र एवं



हिन्दू धर्म की भक्ति का धुम्रपान एवं नशीली वस्तुओं के नशे जैसी प्रवृतियों से मुक्त करना एवं धर्म के प्रति कट्टरता रखना भी इस कथा के आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। कथा के आयोजन को लेकर सारी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है। समिति के सदस्यों ने क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक संख्या में निर्धारित समय पर पहुंचकर धर्म ज्ञान गंगा में स्नान कर अपने जीवन को धन्य बनाएं।

# स्वामी विवेकानन्द युवा शक्ति मिशन प्रारंभ करने की मंत्रि-परिषद ने दी सैद्धांतिक स्वीकृति

## दुग्ध उत्पादकों की आय दोगुनी करने के लिए सहकार्यता अनुबंध पर दी सहमति, मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई मंत्रि-परिषद

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश के युवाओं के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास के उद्देश्य से युवा-उन्मुखीकरण की गतिविधियों को समन्वित रूप से एक ही मंच पर लाने के लिए स्वामी विवेकानन्द युवा शक्ति मिशन प्रारंभ करने की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा स्वतंत्रता दिवस 2024 के अवसर पर प्रदेश में चार मिशन अन्नदाता (किसान) कल्याण, युवा शक्ति, नारी शक्ति और गरीब कल्याण को लागू करने की घोषणा की थी। इसी को ध्यान में रखते हुए स्वामी विवेकानन्द युवा शक्ति मिशन, युवाओं के उन्मुखीकरण की गतिविधियों को समन्वित करने के लिए एक साझेदारी मंच का निर्माण करेगा, जिससे राज्य के विकास को बढ़ावा मिलेगा। स्वामी विवेकानन्द की जयंती 12 जनवरी 2025 (युवा दिवस) के अवसर पर मिशन प्रारंभ किया जायेगा। मिशन के प्रमुख उद्देश्य युवाओं में आत्म-विश्वास निर्माण, प्रतिस्पर्धा के लिए तैयारी के साथ उनके कौशल उन्नयन और प्रतिभा को निखारने की गतिविधियों को बढ़ावा देना है। मिशन के प्रमुख घटक संवाद, सामर्थ्य (योग्यता) और समृद्धि, है।

मिशन के तीन प्रमुख लक्ष्य निर्धारित किए गये है। पहला लक्ष्य-प्रत्येक युवाओं की आय का स्तर न्यूनतम कुशल श्रेणी श्रमिक की दर के बराबर लक्षित करना। दूसरा लक्ष्य-प्रत्येक युवा को कक्षा 12वीं तक के स्तर तक शिक्षा पूरी कराने



के लिये प्रयास करना। यह लक्ष्य 10वीं में वर्ष 2028 तक तथा 12वीं में वर्ष 2030 तक हासिल किया जायेगा। तीसरा लक्ष्य-प्रत्येक युवा को समाज के हित में सामाजिक पहल का हिस्सा बनाना है। वर्ष 2030 तक 70 प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त की जायेगी।

### दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा

मंत्रि-परिषद द्वारा पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अंतर्गत सहकारी प्रणाली और सांची ब्राण्ड को बड़ा बनाने के उद्देश्य से एम.पी. स्टेट को-ओपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड एवं संबद्ध दुग्ध संघों और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) के मध्य होने वाले सहकार्यता अनुबंध (कोलेबोरेशन एग्रीमेंट) पर सहमति दी गयी। यह निर्णय मध्यप्रदेश में दुग्ध उत्पादकों की आय दोगुनी करने एवं दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए लिया गया है।

एम.पी. स्टेट को-आपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड एवं राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के मध्य कोलेबोरेशन एग्रीमेंट के अनुसार दूध की खरीद सुनिश्चित करने एवं सही कीमत दिलाने में मदद के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में कलेक्शन सेन्टर स्थापित किए जाएंगे। दुग्ध संघों की प्रोसेसिंग क्षमता में वृद्धि की जायेगी। इस तरह अगले 5 सालों में लगभग 1500 करोड़ रूपये का निवेश किया जायेगा। दुग्ध समितियों की संख्या 6 हजार से बढ़ाकर 9 हजार की जायेगी। इस तरह दुग्ध संकलन 10.50 लाख किलोग्राम से बढ़ाकर 20 लाख किलोग्राम किया जायेगा। दुग्ध उत्पादकों की कुल वार्षिक आय 1700 करोड़ रूपये से दोगुना कर 3500 करोड़ रूपये किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। सांची ब्रांड का और व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाकर राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया जायेगा।

# कृषि मंत्री श्री कंसाना ने नीमच में गुर्जर समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

## जिला गुर्जर समाज द्वारा नववर्ष मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न

**नीमच** जिला गुर्जर समाज द्वारा टाउन हॉल नीमच में शनिवार को प्रदेश के किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री ऐदल सिह कंसाना, सांसद श्री सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर, गुर्जर महासभा के श्री देवेंद्र पटेल, म.प्र.देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष श्री रघुवीर सिह, विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा, श्री दिलीप सिह परिहार, श्री अनिरूद्ध मारूके आतिथ्य में जिला स्तरीय नववर्ष मिलन समारोह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में न.पा.अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर मंदसौर, श्रीमती सुगनादेवी गुर्जर रतनगढ़, पूर्व नीमच मंडी अध्यक्ष श्री उमरावसिह गुर्जर, पूर्व जनपद अध्यक्ष श्री जगदीश गुर्जर, पूर्व जनपद अध्यक्ष मनासा श्री रतनलाल गुर्जर, गुर्जर समाज के जिला अध्यक्ष श्री चम्पालाल गुर्जर एवं ओबीसी महासभा उज्जैन संभाग के अध्यक्ष श्री देवा गुर्जर सहित समाज के प्रबुद्धजन एवं बड़ी संख्या में गुर्जर समाज का जनसमुदाय एवं छात्र-छात्राएं, अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। प्रारंभ में मंत्री श्री कंषाना ने अतिथियों के साथ भगवान श्री देवनारायण की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्री देवा गुर्जर, श्री चम्पालाल गुर्जर, श्री उमराव सिह गुर्जर, श्री महेन्द्र गुर्जर श्री मनोहर लाल गुर्जर, श्री मदन गुर्जर, श्री श्याम गुर्जर एवं गुर्जर समाज के प्रबुद्धजनों ने पुष्पहार पहना कर मंत्री श्री कंषाना व अतिथियों का स्वागत किया और साफा बांधकर सम्मानित किया तथा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इस अवसर पर मंत्री श्री कंषाना, म.प्र.देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष श्री रघुवीर सिह, सांसद श्री सुधीर गुप्ता एवं राज्य सभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर ने अपने उदबोधन में प्रतिभा सम्मान समारोह को समाज की अनुकरणीय पहल बताते हुए कहा, कि ऐसे आयोजनों से समाज की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। सभी ने इस आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई भी दी।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने गुर्जर समाजजनों का आव्हान किया कि वे सामाजिक कुरितियों का त्याग कर अपने समाज को आगे बढ़ाए।उन्होने कहा, कि शिक्षा ही विकास की महत्वपूर्ण कडी है। समाज शिक्षित होगा, तो विकास अवश्य होगा।विधायक श्री दिलीपसिह परिहार ने पन्ना धाय की प्रतिमा स्थापना व चौराहे के विकास के लिए विधायक निधि से दो लाख रूपये और समाज की धर्मशाला निर्माण के लिए प्रति वर्ष पांच-पांच लाख रूपये गुर्जर समाज को विधायक निधि से प्रदान करने की बात कही। विधायक श्री अनिरूद्ध मारू ने भी गुर्जर समाज को, साहसी एवं मेहनती बताते हुए कहा, कि समाज में कुरूतियों को दूर करना चाहिये।

उन्होने सामाजिक कुरूतियों का त्याग करने की शुरूआत, सभी को स्वयं से करने का आव्हान किया। कार्यक्रम को श्री देवेन्द्र पटेल , जिला अध्यक्ष श्री चम्पालाल गुर्जर, श्री देवा गुर्जर, श्रीमती रमादेवी गुर्जर, श्री बंशीलाल गुर्जर मनासा, श्री उमराव सिह गुर्जर आदि ने भी सम्बोधित किया।गुर्जर समाज की छात्रा सुश्री जया गुर्जर, सेमली चंद्रावत, सुश्री नेहा गुर्जर झालरी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए समाज के युवाओं की शिक्षा पर बल दिया और समाज के विद्यार्थियों के लिए जिला मुख्यालय पर छात्रावास निर्माण की आवश्यकता भी बताई।



हेलीपेड पर सांसद सुधीर गुप्ता ने कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंसाना का स्वागत किया



गुर्जर समाज की प्रतिभाओं का सम्मान करते अतिथि।



## राकेश जैन आंचलिया निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

### जैन श्वेतांबर महावीर जिनालय के चुनाव निर्वाचन सम्पन्न

**नीमच.** महावीर जिनालय आराधना भवन पर 5 जनवरी 2025 रविवार को समाज की साधारण सभा की बैठक संरक्षक प्रेम प्रकाश जैन की अध्यक्षता में रखी गई। सर्वप्रथम कार्यकाल खत्म होने के बाद कार्यकारिणी ने अपना इस्तीफा संरक्षक को सोपा ततपश्चात बैठक को प्रारंभ किया गया। साधारण सभा की बैठक में उपस्थित जनों ने अपने विचार रखें। क्योंकि हाल फिलहाल महावीर जिनालय मंदिर का जीर्णोद्धार का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है साथ ही जगह कम होने के कारण नए उपाश्रय हेतु व्यवस्थाएं जुटाने और मंदिर संबंधी अन्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने हेतु आमंत्रित सुझाव के बाद साधारण सभा ने एक बार पुनः राकेश आंचलिया को अध्यक्ष पद पर बने रहने की स्वीकृति प्रदान की बैठक में निवृत्तमान ट्रस्ट मंडल के सदस्यों सहित समाज के वरिष्ठ प्रेम प्रकाश जैन, शिखर चंद पगारिया, जयवंत कोठीफोड़ा, बसंत बाफना, प्रीतम चंद खिमेसरा, विमल गांग, नितेश नांदेचा, दीपक विरानी, मनीष विरानी, संजय भामावत आदि समाज जन उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं प्रेम प्रकाश जैन ने सबके सुझावों पर क्रमवार चर्चा की तत्पश्चात निर्णय लिया गया और पुनः एक बार राकेश



आंचलिया को ट्रस्ट मंडल की कमान सोंपी व कहा की अध्यक्ष अपने निर्णय अनुसार कार्यकारिणी का गठन करें। सभी समाज जनों के प्रति निधियों के सदस्यों एवं ट्रस्टीयों द्वारा चुनाव में सहभागिता निभाई गई। ट्रस्ट के चुनाव शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुए । जिसमें सर्व सम्मति से पूर्व अध्यक्ष राकेश जैन आंचलिया के विकास कार्यों को देखते हुए सभी समाज जनों ने सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष पद पर निर्वाचित किया । सभी ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर निर्णय में समर्थन किया बैठक में जमनालाल नपावलिया, दिनेश नागोरी, सुंदर, राजेश, रोशन जारौली ,राहुल जैन आशीष सुराणा, राजमल छाजेड़, राजेंद्र बंबोरिया, आदि ने मंदिर निर्माण एवं समाज विकास एवं आगामी चातुर्मास हेतु के संबंध में अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। जिस पर समाज ट्रस्ट पदाधिकारियों द्वारा विचार विमर्श किया गया।

## एडीएम श्रीमती गामड़ की अध्यक्षता में प्रायवेट टी.वी.चैनल मॉनिटरिंग समिति की बैठक सम्पन्न

**नीमच** जिला स्तरीय प्रायवेट टी.वी. चैनल, प्रायवेट एफएम चैनल और कम्प्युनिटी रेडियों स्टेशन पर प्रसारित कंटेन्ट/सामग्री की मॉनिटरिंग के लिए गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक 3 जनवरी 2025 शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़ की अध्यक्षता एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिह सिसोदिया की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवल सिह सिसोदिया ने सुझाव दिया, कि समिति की आगामी बैठक में जिले के केबल ऑपरेटरों/ संचालकों को भी आमंत्रित किया जाए। सदस्य श्रीमती उषा गुप्ता ने सुझाव दिया, कि प्रायवेट टी.वी.चैनलों पर प्रसारित आपत्तिजनक सामग्री, कंटेन्ट के संबंध में शिकायत प्राप्त करने के लिए व्यवस्थाएं की जानी चाहिए। बैठक में सहायक संचालक जनसंपर्क श्री जगदीश मालवीय ने अवगत कराया कि जिले में वर्तमान में अब तक कोई एफएम चैनल, कम्युनिटी रेडियों स्टेशन संचालित नहीं है। बैठक में समिति गठन के उदेश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए अवगत करायागयाकि समिति स्थानीय स्तर पर टेलिविजन प्रसारण, प्लेटफार्म, ऑपरेटरों पर नजर रखने के लिए है, कि प्रसारित सामग्री निर्धारित कार्यक्रम और विज्ञापन संहिता के अनुरूप हो। प्रसारितसामग्री संतुलित, निष्पक्ष हो और किसी भी समुदाय को अपमानित या उत्तेजितकरने की संभावना नहीं हो। बैठक में बताया गया, कि




यदि किसी चैनल पर उपरोक्तानुसार यदि कोई आपत्तिजनक कंटेंट/सामग्री प्रसारित होती है, तो इस संबंध में मय प्रमाण के शिकायत समिति सचिव, सहायक संचालक जनसंपर्क कार्यालय नीमच के माध्यम से समिति को प्रस्तुत की जा सकती है।बैठक में समिति सदस्य श्री कैलाश बोरिवाल, श्रीमती उषा गुप्ता, श्री श्याम गुर्जर, आदि ने भी अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में डीआईओ श्री योगेश जैन, प्राचार्य श्री एन.के.डबकरा, मनोविज्ञान प्रो.तनवी सक्सेना भी उपस्थित थे।

# सभी अधिकारी कर्मचारी फार्मल ड्रेस में कार्यालय आए- कलेक्टर चंद्रा, कलेक्टर ने किया जिला कोषालय का निरीक्षण

**नीमच** जिले के सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी फार्मल ड्रेस में कार्यालय आए। साथ ही जिन अधिकारी कर्मचारियों के लिए गणवेश निर्धारित है, वे अनिवार्य रूप से निर्धारित गणवेश में ही कार्यालय में आए। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय स्थित जिला कोषालय नीमच के निरीक्षण के दौरान दिए। इस मौके पर जिला कोषालय अधिकारी श्री बी.एम.सुरावत व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कोषालय के बाहर जमा, पुरानी आलमारी एवं फर्नीचर को, जिन्हे आवश्यकता है, उन्हें प्रदान करने के निर्देश जिला नाजिर को दिए। उन्होने कलेक्टर कार्यालय परिसर एवं कार्यालय के सभी कोरिडोर में पर्याप्त साफ-सफाई एवं प्रकाश की व्यवस्था करवाने के निर्देश जिला नाजिर को दिए। कलेक्टर ने जिला कोषालय कार्यालय के एक कर्मचारी द्वारा टीशर्ट पहनकर कार्यालय में उपस्थित पाए जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए संबंधित कर्मचारी का एक दिन का वेतन भुगतान रोकने और कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश जिला कोषालय अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने कोषालय के दृढ़ कक्ष का निरीक्षण भी किया। उन्होने जिला नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण कर वहां उपस्थित कर्मचारियों द्वारा संपादित कार्यो की जानकारी ली।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिला नियंत्रण कक्ष से सीएम हेल्पलाईन के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों और आवेदकों को कॉल कर, शिकायतों का निराकरण करवाएं। उन्होने राजस्वएवं नगरपालिका से संबंधित शिकायत के निराकरण पर फोकस करने के निर्देश भी जिला कंट्रोल रूम के प्रभारी एवं कर्मचारियों को दिए।



## जिले में 10 जनवरी को विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन

मध्यप्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1993

**नीमच**, म.प्र.पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम, 1993 की धारा 6, मध्यप्रदेश ग्राम सभा( सम्मिलन की प्रक्रिया) नियम, 2001 अंतर्गत जिले में 10 जनवरी 2025 को राजस्व महा अभियान 3.0 के तहत विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम सभा में परम्परागत रास्तों के विवादों का निराकरण एवं नक्शा शुद्धिकरण के तहत नक्शा तरमीन का कार्य किया जावेगा। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने एसडीएम नीमच, जावद एवं मनासा एवं जनपद सीईओ नीमच, जावद एवं मनासा को निर्देशित किया है, कि अपने क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायतों में विशेष ग्रामसभा का आयोजन कराया जाना सुनिश्चित करें।

## शा.पॉलीटेक्निक महाविद्यालय जावद में युवा संगम कार्यक्रम सम्पन्न



**नीमच** जिला प्रशासन के निर्देशानुसार शुक्रवार को शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय जावद में युवा संगम संयुक्त रोजगार मेला एवं वायु सेना में भर्ती हेतु इंडियन एयर फोर्स पब्लिसिटी ड्राइव कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में लगभग 220 लाभार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम में वायु योद्धाओं द्वारा वायुसेना भर्ती, अग्निवीर वायुसेना भर्ती प्रक्रिया के बारे में युवाओ को विस्तार से जानकारी दी गई।

## कलेक्टर द्वारा मोरवन छात्रावास अधीक्षक निलंबित

**नीमच** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा छात्रावास संचालन में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने पर शासकीय अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास मोरवन के अधीक्षक (सहायक शिक्षक) श्री कन्हैयालाल दुमरिया को म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन काल में उनका मुख्यालय अनुसूचित जाति कल्याण जिला संयोजक कार्यालय नीमच रहेगा और उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।उल्लैखनीय है , कि जिला पंचायत के सीईओ द्वारा 12 दिसम्बर 2024 एवं जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण नीमच द्वारा 13 दिसम्बर 2024 को अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास मोरवन का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण दौरान अधीक्षक एवं छात्र छात्रावास में उपस्थित नहीं पाये जाने पर अधीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, इस नोटिस का उत्तर संतोषजनक नहीं पाये जाने पर अधीक्षक को निलंबित कर दिया गया है।

# राजस्व अधिकारी सुनिश्चित करें कि कोई भी प्रकरण समय सीमा बाह्य ना हो– चंद्रा

## कलेक्टर ने की राजस्व महाअभियान प्रगति की समीक्षा

**नीमच**, जिले के सभी राजस्व अधिकारी यह सुनिश्चित करे, कि लोकसेवा गांरटी अधिनियम के तहत राजस्व विभाग की सेवाओं के प्रदाय से संबंधित कोई भी प्रकरण समय सीमा के बाह्य ना हो। आवेदकों को समय पर सेवाएं प्रदान की जाए। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक में राजस्व महाअभियान के तहत राजस्व प्रकरणों के निराकरण की तहसीलवार समीक्षा करते हुए दिए।बैठक में एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती प्रीती संघवी, एसडीएम नीमच डॉ.ममता खेडे, मनासा एसडीएम श्री पवन बारिया, जावद एसडीएम श्री चंद्रसिह धार्वे, डिप्टी कलेक्टर श्री संजीव साहु, श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव, सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए, कि आगामी 10 जनवरी को जिले में विशेष ग्राम सभाओं का सफल आयोजन सुनश्चित कर, परंपरागत रास्तों के विवाद के सभी प्रकरणों का आपसी सहमति से निराकरण कर रास्ता विवादों का निपटारा करवाए। उन्होने धारणाधिकार के लंबित प्रकरण, कलेक्टर न्यायालय को भिजवाने के निर्देश तीनों एसडीएम को दिए। राजस्व की विभिन्न मदों में वसूली की समीक्षा में बताया गया, कि अब तक 4.17 करोड़ की राजस्व वसूली की जा चुकी है। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को आगामी एक माह में वसूली का प्रतिशत बढ़ाकर 75 प्रतिशत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व महाअभियान के तहत आरसीएमएस में दर्ज नए प्रकरणों के निराकरण का प्रतिशत 89 प्रतिशत से बढ़ाकर एक माह में 93 प्रतिशत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए, कि पीएम किसान सम्मान निधि के जिले में 1011 हितग्राहियों के शेष ईकेवायसी के लिए घर-घर एक-एक हितग्राही से संपर्क कर उनका ईकेवायसी करवाएं। जिससे कि हितग्राहियों को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ मिल सके। आधार से आरओआर लिंकिंग कार्य में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा, कि पटवारी एवं युवा, कृषक मित्र घर-घर जाकर आधार लिंकिंग का कार्य पूर्ण करवाएं। नक्शा बंटाकन कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति नहीं पाए जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने तहसीलदार रतनगढ को निर्देश दिए, कि बंटाकन के प्रकरणों में पक्षकारों को सुनवाई का अवसर देते हुए नक्क्षा तरमीम का कार्य तेजी से पूर्ण करवाएं। उन्होने सभी तहसीलदारों को नक्क्षा बंटाकन कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। बैठक में फार्मर रजिस्ट्री , ई-केवायसी, आधार से आर.ओ.आर.लिंकिंग, पीएम किसान सम्मान निधि योजना के हितग्राहियों का ई-केवायसी नक्क्षा बटांकन के कार्य की प्रगति की तहसीलवार समीक्षा की गई और सभी तहसीलदारों को प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए गए।



## मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान अंतर्गत 08 जनवरी को आयोजित होने वाले शिविर

मुख्यमंत्री जन कल्याणकारी योजना
प्रचार प्रसार अभियान

**रतलाम** मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान अंतर्गत 08 जनवरी को जिले के विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किए जाकर हितग्राहियों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। आमजन की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान अंतर्गत 08 जनवरी को जिन स्थानों पर शिविर आयोजित किए जाएँगे उनमें जनपद पंचायत सैलाना के दौलतपुरा पंचायत भवन, जनपद पंचायत आलोट में माउखेडी पंचायत भवन, भैंसोला ग्राम पंचायत भवन तथा मुण्डलाकलां ग्राम पंचायत भवन शामिल हैं। जनपद पंचायत रतलाम में धराड पंचायत भवन, मऊ ग्राम पंचायत भवन, सिखेडी ग्राम पंचायत भवन तथा पलसोडीउसरगार ग्राम पंचायत भवन में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# पंख अभियान के तहत चल्दू में 5 दिवसीय बंधेज प्रशिक्षण का आयोजन

## समुदाय विशेष की महिलाओं को दिया जा रहा है प्रशिक्षण

**नीमच** जिला प्रशासन द्वारा जिले में बांछड़ा समुदाय के उत्थान, कल्याण एवं स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए संचालित पंख अभियान के तहत कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन मे मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन तहत सोमवार को ग्राम पंचायत चल्दू मे समुदाय विशेष की महिलाओं (बाछड़ा) समुदाय एवं अन्य महिलाओं के लिए पांच दिवसीय बंधेज प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं। इस प्रशिक्षण का सोमवार को द्वितीय दिवस हैं। कार्यक्रम मे मास्टर ट्रेनर श्री मोहमद आसिफ बढ़वाला उज्जैन द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम मे आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाएं भी उपस्थित थी।



## फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के संबंध में बैठक सम्पन्न

**नीमच**। भारत निर्वाचन आयोजन, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश, भोपाल के निर्देशानुसार सोमवार को उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव साहू की अध्यक्षता में फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण, 2025 के अंतर्गत निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव साहू , आम आदमी पार्टी के श्री विनोद पंवार, बहुजन समाज पार्टी के श्री दुर्गाप्रसाद जाटव, इंडियन नेशनल कांग्रेस के श्री बृजेश मित्तल उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित राजनैतिक दल के सदस्यों को फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के अंतर्गत निर्वाचक नामावली के प्ररूप प्रकाशन से अंतिम प्रकाशन के दौरान प्राप्त, फार्म-6, 7 तथा 8 एवं उनके निराकरण की जानकारी तथा फोटो रहित निर्वाचक नामावली की डीव्हीडी का एक-एक सेट तथा फोटो रहित निर्वाचक नामावली का एक-एक सेट प्रदान किया गया। बैठक में आम आदमी पार्टी एवं बहुजन समाज पार्टी की ओर से उपस्थित प्रतिनिधियों की ओर से यह सुझाव प्रस्तुत किया गया कि वर्तमान समय में डी.व्ही.डी. की उपयोगिता समाप्त हो चुकी है, ऐसी स्थिति में फोटो रहित निर्वाचक नामावली डी.व्ही.डी.के स्थान पर पेनड्राइव में उपलब्ध कराई जाना चाहिए।

## लोकप्रिय विधायक अनिरुद्ध माधव जी मारू को बड़ी जिम्मेदारी, पंडित कुंजीलाल दुबे राष्ट्रीय संसदीय विद्यापीठ के उपाध्यक्ष नियुक्त



**मनासा** क्षेत्र के लोकप्रिय और कर्मठ विधायक अनिरुद्ध माधव जी मारू को पंडित कुंजीलाल दुबे राष्ट्रीय संसदीय विद्यापीठ (संसदीय कार्य विभाग के अधीन संस्था) का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर क्षेत्रवासियों ने विधायक जी को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विधायक अनिरुद्ध माधव जी मारू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी और संसदीय कार्य मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय जी का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी मेरे लिए गर्व और प्रेरणा का स्रोत है। विधायक जी की यह नियुक्ति उनकी सक्रियता, नेतृत्व क्षमता और जनता के प्रति समर्पण का प्रमाण है।

## कलेक्टर ने की जनसुनवाई- 84 लोगों की सुनी समस्याएं

# कृषि भूमि का नियमानुसार बंटाकन किया जाए- कलेक्टर चंद्रा



नीमच । राजस्व अधिकारी कृषि भूमि के बंटाकन कार्य प्राथमिकता से करें। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को जनसुनवाई में रतनपुरा मनासा के नानालाल पिता गंगाराम के आवेदन पर तहसीलदार रामपुरा को दिए। नानालाल ने तहसीलदार द्वारा कृषि भूमि बंटाकन आदेश जारी करने के बाद भी बंटाकन नहीं करने की शिकायत कलेक्टर से की। इस पर तहसीलदार को बंटाकन करने के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई में गिरदौड़ा के वरदीचंद धनगर ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने और बच्चों की स्कूल फीस माफ करवाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। कंजार्डा के मनोज राठौर ने ड्रोन सर्वे में उसके आवासीय पट्टा क्रमांक 893 पर अन्य व्यक्ति का नाम दर्ज हो जाने पर त्रुटी सुधार करवाने, सरवानिया महाराज के वासुदेव दर्जी ने भूखण्ड का कब्जा और आम रास्ते का कब्जा दिलाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर कार्यवाही के निर्देश कलेक्टर द्वारा संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जनसुनवाई करते हुए 84 लोंगो की समस्याएं सुनी और उनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़, जिला पंचायत सीईओ श्री अरविंद डामोर व जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में रामपुरा के ग्राम थनेड़ के मोहन, भेरूलाल, नंदलाल, बंगला नम्बर 59 नीमच की संतोष, भोलाराम कम्पाउन्ड नीमच के रविकांत, रेवली देवली के हीरालाल, सोनियाना के राजमल, रावणरूण्डी के संतोष, संजू एवं दीपक, जवाहर नगर नीमच के शशिकांत पाराशर, सनावदा के सम्पतलाल, नीमच सिटी के सज्जनलाल, लुमडी की निर्मलाबाई, यादवमण्डी के नानुराम, बिसलवास कलां के नाथुलाल, रायसिंहपुरा के श्यामसिह, भादवामाता के गोपाल पोरवाल, दीपक नागदा, दडौली के कन्हैयालाल, जनकपुर की सोनाबाई, बंगाली कॉलोनी ग्वालटोली के कमल प्रजापति, सरवानिया महाराज की सुमन कुंवर आदि ने भी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर, अपनी समस्याएं सुनाई।

# स्वामी विवेकानंद के जन्म-दिवस 12 जनवरी को होगा सामूहिक सूर्य-नमस्कार


### स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किये निर्देश



**नीमच** प्रदेश में स्वामी विवेकानंद के जन्म-दिवस 12 जनवरी को प्रतिवर्ष युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। युवा दिवस के मौके पर विद्यालयों, महाविद्यालयों और शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक सूर्य-नमस्कार का आयोजन किया जाता है। सामूहिक सूर्य-नमस्कार के साथ स्वामी विवेकानंद पर केन्द्रित प्रेरणादायी शैक्षिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जाते हैं।स्कूल शिक्षा विभाग ने आयुक्त लोक शिक्षण को सामूहिक सूर्य-नमस्कार और इससे जुड़े कार्यक्रमों में स्वयंसेवी संगठनों और आम लोगों की भागीदारी भी सुनिश्चित करने के लिये कहा है। विभाग द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि प्रदेश की समस्त विद्यालयीन संस्थाओं में 12 जनवरी को प्रातः 9 से प्रातः 10:30 बजे तक सामूहिक सूर्य-नमस्कार का आयोजन हो। कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत वंदे-मातरम और मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन होगा। इसी दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का रेडियो पर संदेश प्रसारित होगा। सामूहिक सूर्य-नमस्कार समस्त शिक्षण संस्थाओं में एक साथ, एक संकेत पर किया जायेगा। कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति का गठन किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।शिक्षण संस्थाओं में होने वाले सामूहिक सूर्य-नमस्कार में मंत्रीगण, सांसद, महापौर, अध्यक्ष जिला पंचायत, विधायक, अध्यक्ष नगरपालिका एवं स्थानीय जन-प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। सामूहिक सूर्य-नमस्कार में कक्षा-6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी शामिल होंगे। सामूहिक सूर्य-नमस्कार में शामिल विद्यार्थियों को योग और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के महत्व के बारे में भी बताया जायेगा।

## उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में योगदान देने वाले विश्व उपभोक्ता दिवस पर होंगे पुरस्कृत

रतलाम जिला उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करने तथा उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठनों, व्यक्तियों को राज्य शासन द्वारा राज्य एवं संभाग स्तर पर विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस 15 मार्च को पुरस्कृत किया जाएगा। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठन, व्यक्तियों जिन्होंने उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया हो, आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन 23 जनवरी तक कार्यालयीन समय में कलेक्टर (खाद्य) शाखा में प्रस्तुत किए जा सकते हैं। उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में वर्ष 2024 में 1 जनवरी से 31 दिसम्बर 2024 के दौरान प्रत्येक माह में की गई गतिविधियों का सप्रमाण विस्तृत विवरण संलग्न करना होगा। 1 जनवरी 2024 से पूर्व में किए गए कार्यों के प्रमाण पत्र इस वर्ष के पुरस्कार वर्ष 2024-25 हेतु मान्य नहीं होंगे। इस सम्बन्ध में विस्तृत दिशा निर्देश एवं जानकारी कलेक्टर विभाग (खाद्य) शाखा



## विद्यार्थियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

### 47 हज़ार से अधिक नर्सिंग विद्यार्थियों की परीक्षाएँ हुईं

### बैच 2022-23 के विद्यार्थियों की परीक्षाएं मार्च में



उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि प्रदेश सरकार विद्यार्थियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए संकल्पित है। परीक्षाओं का आयोजन सुनियोजित और निष्पक्ष प्रक्रिया के अंतर्गत किया जा रहा है ताकि छात्रों को उनकी मेहनत का सही परिणाम मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि विधिवत परीक्षाओं का आयोजन और समय से परिणाम जारी किये जायेंगे।

उल्लेखनीय है कि मई-2024 से सितंबर-2024 के बीच आयोजित परीक्षाओं में बैच 2019-20, 20-21 और 21-22 के कुल 47,945 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। इनमें B.Sc नर्सिंग थर्ड ईयर परीक्षा (मई-2024) में 8,293 विद्यार्थी उपस्थित हुए, जिनमें से 86.2% विद्यार्थी सफल रहे। इसी तरह, B.Sc नर्सिंग फर्स्ट ईयर परीक्षा (मई-2024) में 15,787 विद्यार्थी शामिल हुए, जिनमें से 74.7% विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। P.B.B.Sc नर्सिंग फर्स्ट ईयर परीक्षा (मई-2024) में 4,601 विद्यार्थी उपस्थित हुए, जिनमें 65.3% सफलता दर रही। इसके अलावा, M.Sc नर्सिंग फर्स्ट ईयर परीक्षा (मई-2024) में 1,612 विद्यार्थी शामिल हुए, जिनमें से 80.4% विद्यार्थी पास हुए। सितंबर 2024 में बैच 21-22 के बी.एससी नर्सिंग फर्स्ट ईयर के 13 हजार 106, पीबीबीएससी नर्सिंग फर्स्ट ईयर में 2 हजार 980, और एमएससी नर्सिंग फर्स्ट ईयर में 1 हजार 66 विद्यार्थी परीक्षाओं में शामिल हुए। इन परीक्षाओं के परिणाम भी जल्द घोषित किए जाएंगे। बैच 2022-23 के विद्यार्थियों की परीक्षाएँ मार्च 2025 में आयोजित की जाएंगी जिनमें 25 हजार विद्यार्थी शामिल होंगे।


**कार्यालय नगर परिषद डीकेन जिला नीमच ( म.प्र. )**

क्रमांक 16..../नामान्तरण/2024–25 डीकेन दिनांक 02/1../2025

**नामान्तरण विज्ञप्ति ::–**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत सीमा क्षेत्र स्थित भवन/भूमि को नगर पंचायत संपत्तिकर/समेकित कर रजिस्टर में नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र क्रय विक्रय रजिस्टर्ड अभिलेख एवं अन्य हस्तान्रण संबंधित लेख प्रस्तुत कर किये गये है ।

अतः कोई भी व्यक्ति निम्न के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 30 दिवस के भीतर समक्ष साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं । बाद अवधि के नामान्तरण कर दिया जावेगा ।

| क्र. | स.क्र. | हस्तान्तरणकर्ता का नाम | हस्तान्तरण किस के हित में किया जाना | भवन / भूमि नं. | हस्तान्तरण का आधार | अवधि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 29 | नगर परिषद डीकेन | सतीश कुमार पिता जगदीशचंद्र राठौर | वार्ड क्रमांक 05 में नई संपत्ति | रजिस्टर्ड अभिलेख | 30 दिवस | – |
| 2 | 30 | भारमल पिता काना भील | रामप्रसाद पिता भारमल भील | वार्ड क्रमांक 05 में संपत्ति क्रमांक 183 | मृत्यु प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्र | 30 दिवस | – |
| 3 | 31 | धन्ना पिता नारायण भांभी | सीताबाई पति धन्ना भांभी | वार्ड क्रमांक 01 में संपत्ति क्रमांक 142 एवं 143 | मृत्यु प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्र | 30 दिवस | – |
| 4 | 32 | कुका पिता नारायण भांभी | विजय कुमार पिता मांगीलाल भांभी | वार्ड क्रमांक 01 में संपत्ति क्रमांक 130 में से 1656 वर्गफीट | न्यायालय कलेक्टर ऑफ स्टाम्प्स जिला नीमच का आदेश दिनांक 31.05.2022 | 30 दिवस | – |
| 5 | 33 | कालु पिता मानसिंह भील | राजु पिता कालु भील | वार्ड क्रमांक 12 में संपत्ति क्रमांक 243 | मृत्यु प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्र | 30 दिवस | – |
| 6 | 34 | प्रेमसुख,जगदीश, रमेश पिता रामदयाल पाटीदार | धनसुख, पवन कुमार पिता प्रेमसुख पाटीदार | वार्ड क्रमांक 13 में संपत्ति क्रमांक 64 | रजिस्टर्ड अभिलेख | 30 दिवस | – |
| 7 | 36 | कुका पिता नारायण भांभी | शैलेन्द्र कुमार पिता मांगीलाल भांभी | वार्ड क्रमांक 01 में संपत्ति क्रमांक 130 में से 1656 वर्गफीट | न्यायालय कलेक्टर ऑफ स्टाम्प्स जिला नीमच का आदेश दिनांक 31.05.2022 | 30 दिवस | – |
| 8 | 37 | रतिराम पिता गोपी जी गुर्जर | उदीबाई पति रतिराम, हरदेव, धनराज,केशुराम पिता रतिराम गुर्जर | वार्ड क्रमांक 08 में संपत्ति क्रमांक 147 व 152 | मृत्यु प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्र | 30 दिवस | – |

(श्रवण कुमार पाटीदार)
अध्यक्ष
नगर परिषद डीकेन

(परमिला ठाकुर )
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद डीकेन

# कलेक्टर श्री चन्द्रा ने बेस्ट एम्पलाई ऑफ दी मंथ पुरस्कार से 3 कर्मचारियों को किया सम्मानित



**नीमच** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने अधिकारी-कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिए बेस्ट एम्पलाई ऑफ दी मंथ पुरस्कार के तहत माह दिसम्बर-2024 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के 3 अधिकारी-कर्मचारियों को बेस्ट एम्पलाई ऑफ दी मंथ पुरस्कार से सम्मानित किया। कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा ने कलेक्टोरेट में आयोजित कार्यक्रम में 3 अधिकारी-कर्मचारियों को बेस्ट एम्पलाई ऑफ दी मंथ के पुरस्कार वितरित किए गए। समारोह में जिला प्रबंधक लोकसेवा श्री आशीष जैन, पटवारी पालसोडा श्री राधेश्याम चौहान, पटवारी पिपलोन श्री राहुल आंजना को सम्मानित किया गया।इस मौके पर एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़, जिला पंचायत सीईओ श्री अरविंद डामोर, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती प्रीति संघवी, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रश्मि श्रीवास्तवसहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# बेखौफ चोरो ने लाखो की ज्वेलरी और नगदी पर किया हाथ साफ



**नीमच**। जिले के रेवली देवली गांव में रविवार और सोमवार की मध्य रात्रि अज्ञात चोरों ने एक घर और दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने दुकान के रास्ते घर में प्रवेश किया और वहां रखी नकदी, कपड़े, ज्वेलरी के साथ-साथ एक अलमारी भी उठा ले गए। चोरों ने अलमारी को घर से करीब 100 फीट की दूरी पर ले जाकर तोड़ा और उसमें रखी नकदी तथा सोने-चांदी की ज्वेलरी उड़ा ली।घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली, जिसमें चोरों की हरकतें स्पष्ट रूप से कैद हो गई हैं। पुलिस अब इस फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान कर उन्हें पकड़ने की कोशिश कर रही है।जानकारी के अनुसार, चोर दुकान के रास्ते घर में घुसे थे। दुकान के ऊपर वाले कमरे में एक भाई और नीचे वाले कमरे में दूसरा भाई सो रहा था। चोरों ने पहले कमरों की साकल (दरवाजा) बंद कर दी और फिर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इस दौरान, 92 हजार रुपये की नकदी दुकान से और 1 लाख 30 हजार रुपये की नकदी तथा ज्वेलरी अलमारी में रखी थी चुरा ले गए । चोरों की खटपट से बड़ा भाई जाग गया और जब उसने आवाज दी, तो चोरों ने उसे धमकाते हुए कहा कि अगर शोर मचाया तो वे उसे जान से मार देंगे। इसके बाद चोर अलमारी को उठा कर ले गए और उसे तोड़ कर सारा सामान चुराया। घटना के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को आधार बनाकर चोरों की पहचान और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं।

# सभी नगर परिषद सीएम हेल्पलाइन शिकायतो निराकरण के लिए वार्ड वाइज कैंप लगाए : कलेक्टर



**मंदसौर**। कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक सुशासन भवन स्थित सभागृह में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सभी नगर परिषदों को निर्देश देते हुए कहा कि , सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण के लिए वार्डों में शिविर लगाए। इसके साथ ही शिविर के संबंध में आम नागरिकों को सूचित भी करें। जिससे तुरंत शिकायतों का समाधान हो सके। शिकायतों का संतुष्टि पूर्ण समाधान भी करें। सहकारिता विभाग गेहूं उपार्जन पंजीयन के लिए आवश्यक तैयारियां समय पहले पूर्ण करें। खनिज विभाग नियमित कार्यवाही करें। साथ ही ब्रिज विभाग ब्रिज निर्माण कार्य को समय पर पूर्ण करें। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री राजेश कुमार जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल सहित जिलाधिकारी मौजूद थे।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ताल के छात्रों को करवाया जंगल का भ्रमण, पर्यावरण और जंगल सुरक्षा की दिलाई शपथ

ब्यूरो रिपोर्ट- प्रदीप जैन



**सिंगोली**। मध्यप्रदेश इको पर्यटन विकास बोर्ड द्वारा वन विभाग के सयुक्त तत्वाधान में" में भी बाघ" की थीम पर नीमच जिले के रतनगढ़ वन परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अम्बा के घने जंगल ने स्थित बस देवी मन्दिर परिसर में स्कूली बच्चों को जंगल से परिचित करवाने , पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से अनुभूति कैंप का आयोजन किया गया। केम्प में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ताल के कक्षा 9 से 12 वी तक के 120 छात्र एवं छात्राओ को घने जंगल का भृमण करवाया गया । जिसमे रेंजर पीएल गेहलोद , डिफ्टी रेंजर बीएल दायमा, डिफ्टी रेंजर अजय सिंह तोमर, मास्टर ट्रेनर इकबाल कुरेशी, वन रक्षक सदाशिव धाकड़, राजू कबाड़िया,नितेश रावत , भूपेंद्र बैरागी, नयन मालवीय निरंजन पराशर , जुल्फिकार मंसुरी आदि के द्वारा विद्यार्थियों को वन वन्य पराणी , ओषधि , पर्यावरण , ग्लोबर वार्मिंग जैसे महत्वपूर्ण बिन्दुओ पर रोचक जानकारिया प्रदान की जिसे जानकर स्कूली बच्चे बहुत खुश हुए। वन विभाग द्वारा बच्चो को वन भृमण से पूर्व गरमागर्म चाय व पोया बिस्किट का नाश्ता व अंत मे छात्र छात्राओं को दाल बाटी चूरमा का भोजन दिया। स्कूली बच्चों को वन भृमण कराने के बाद पर्यावरण एवं वनों से समन्धित वैकल्पिक प्रश्नोत्तरी की परीक्षा रखी गयी । इस अवसर विधायक ओमप्रकाश सखलेचा नीमच जिला वन मंडल अधिकारी (डीएफओ) एस के अटोदे जिला भाजपा महामंत्री अशोक विक्रम सोनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष राधेश्याम मेघवंशी व सरपंच कमलेश कुमावत द्वारा विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गए ।

अनुभूति कार्यक्रम के दौरान विधायक सखलेचा ने विद्यार्थियों से जन सवांद कर छात्रों को अपने जीवन मे लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ने के लिए टिप्स दिए। यहां दिन भर की गतिविधियों पर आधारित क्विज प्रतियोगिता भी रखी। जिसमें विजेता छात्रों को इनाम भी मिले। जंगल भ्रमण पर गए सभी लोगों ने पर्यावरण और जंगल की सुरक्षा करने की शपथ भी ली। वन विभाग द्वारा आयोजिये अनुभूति कार्यक्रम के दौरान स्वागत भाषण जिला वन मंडल अधिकारी श्री एसके अटोदे ने बताया कि मध्यप्रदेश इको पर्यटन विकास बोर्ड के द्वारा 2016-17 से अनुभूति केम्प शुरू किए गए जिसमे मध्यप्रदेश के निवासियों की वनों के प्रति सजगता भावनात्मक जुड़ाव विकसित करने के लिए भावी पीढ़ी वनांचलों के आसपास निवासरत शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय अनुभूति केम्प आयोजित किये जा रहे है । जिसमे वन विभाग द्वारा प्रकति एवं वन्य जीवन सरक्षण के बारे में शिक्षित किया जाता है। डीएफओ ने बताया कि अभी तक रतनगढ़ वन परिक्षेत्र में विगत 9 वर्षो में 2000 से अधिक विद्यर्थियों को शिक्षित किया जा चुका है । तथा प्रतिवर्ष हर बिट में 2 केम्प आयोजित किये जाते है। डीएफओ अटोदे ने अनुभूति कार्यक्रम के दौरान विधायक सखलेचा का भव्य स्वागत सत्कार किया। विधायक सखलेचा ने बच्चों को जंगल का भृमण व वन विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम की काफी सराहना की गई वही जिला वन मंडल अधिकारी श्री अटोदे व रतनगढ़ वन परिक्षेत्र के समस्त अधिकारियों , कर्मचारियों को बेहतरीन अनुभूति कार्यक्रम आयोजित की बहुत बहुत बधाई व धन्यवाद दिया|

# जल जिवन मिशन के प्रचार रथ को जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**मंदसौर**। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार द्वारा गांधी सागर 1 समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत जल जीवन मिशन के प्रचार प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।यह प्रचार रथ योजना में सम्मिलित प्रत्येक ग्राम में भ्रमण कर ग्रामवासियों में जल जीवन मिशन में बारे में जानकारी का प्रचार-प्रसार करेगा ।

# जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा 18 जनवरी 2025 को आयोजित होगी




**मंदसौर**। नवोदय विद्यालय के प्रचार्य के द्वारा बताया गया कीजवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा-2025 कक्षा 6वीं की 18 जनवरी 2025 को होगी। परीक्षा जिले के 11 विद्यालय में परीक्षा केन्द्र पर समय प्रातः 11 से दोपहर 1:30 बजे तक आयोजित होगी। यह परीक्षा मन्दसौर में लाल बहादूर शास्त्री उत्कृष्ट उ.मा.वि., महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उ.मा.वि. और सरदार वल्लभ भाई पटेल शासकीय उ.मा.वि. क्र.-2, सीतामऊ में श्री राम उत्कृष्ट उ.मा.वि., सीतामऊ पब्लिक उ.मा.वि.और शा0 कन्या सरस कुवर उ.मा.वि. मल्हारगढ़ में शा0 कन्या उ.मा.वि. और शासकीय बालक पिपल्या स्टेशन उ.मा.वि., गरोठ में शासकीय कन्या उ.मा.वि. और मॉडल उ.मा.वि., भानपुरा में मॉडल उ.मा.वि. इन केन्द्रों पर आयोजित होगी ।

# रेतमाफिया ने पत्रकार को दी धमकी, कवरेज करने से रोका, आक्रोशित पत्रकारगण पहुचे एसपी कलेक्टर के पास सौंपा ज्ञापन



**नीमच**। जिला मुख्यालय पर अवैध रेती से भरे ट्रैक्टर और डंपर ओवरलोडिंग मुख्य मार्ग पर प्रवेश करते हैं। लेकिन इन्हें रोकने वाला कोई नहीं। यहां तक की ओवरलोडिंग ट्रैक्टर बिना नंबर के मुख्य मार्ग पर स्टंट करते हुए आम राहगीरों के लिए जानलेवा बने हुए हैं। और अब तो इन रेत माफिया के हौसले इतने बुलंद हो गए कि पत्रकार अगर इनका कवरेज करें तो उन्हें भी धमकाया जा रहा है। जिसको लेकर मंगलवार को पत्रकारों में अच्छा खासा आक्रोश देखा गया। पत्रकार हरीश अहीर, कपिल सिंह चौहान संजय यादव, महेश जैन मनीष बागड़ी सहित सहित बड़ी संख्या में पत्रकार लामबंद होकर कलेक्टर हिमांशु चंद्रा और एसपी अंकित जायसवाल से मुलाकात करने पहुंचे। और शहर के मुख्य मार्गों पर हो रहे खुलेआम मौत के तांडव के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की मांग की गई। आपको बता दे कि 05 जनवरी को डाक बंगले चौराहे पर पत्रकार बबलू किलोरिया को कवरेज करने से धमकाने वाले आरोपी महावीर गुर्जर के खिलाफ भी सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। पत्रकारों के ज्ञापन के दौरान कलेक्टर और एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया। और पत्रकार को धमकाने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई के संबंधित थाना प्रभारी को निर्देश भी दिए।

## पी.एम.श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 18 जनवरी को

**रतलाम** जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2025 कक्षा 6 में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा जिले के निम्न उपखण्डों रतलाम, सैलाना तथा पिपलौदा) में निर्धारित 12 परीक्षा केन्द्रों पर 18 जनवरी को प्रातः 11.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा में कुल 3005 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। चयन परीक्षा के संचालन हेतु प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर केन्द्राधीक्षक तथा केन्द्र स्तरीय पर्यवेक्षकों को नियुक्त किया गया है। प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र के बिना किसी भी विद्यार्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय समिति की अधिकारिक वेबसाइट www.navodayagov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं



# ग्रामीणों ने मंडी के गेट बंद कर किया जमकर हंगामा



**नीमच**। चंगेरा स्थित नवीन कृषि उपज मंडी में सोमवार सुबह ग्रामीणों ने स्पीड ब्रेकर की मांग को लेकर हंगामा किया और मंडी के दोनों गेट बंद कर दिए। उनका आरोप था कि गेटों पर स्पीड ब्रेकर न होने के कारण आए दिन हादसों का सामना करना पड़ता है। खासकर, आसपास के तीन गांवों डुंगालवाड़ा, चंगेरा और सगराना के लोग इस समस्या से जूझ रहे हैं।ग्रामीणों ने कहा कि इस मुद्दे को कई बार मंडी प्रशासन और संबंधित अधिकारियों के सामने उठाया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इसके बाद सोमवार को गुस्साए ग्रामीणों ने मंडी के गेट को बंद कर नारेबाजी शुरू कर दी। इससे मंडी में आने-जाने वाले वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और मंडी का कामकाज लगभग आधे घंटे तक प्रभावित हुआ। हालांकि, मंडी में पहले से मौजूद किसानों की उपज की नीलामी जारी रही।ग्रामीणों ने बताया ने बताया की स्पीड ब्रेकर के अभाव में आए दिन हादसे होते रहते हैं। कल ही ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से एक हादसा हुआ और एक व्यक्ति घायल हो गया। हमारी मांग है कि दोनों गेटों पर स्पीड ब्रेकर बनाए जाएं और मंडी में स्थित मंदिर की मरम्मत की जाए।ग्रामीणों द्वारा बताया गयी ये समस्या कई समय से है लेकिन मंडी प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है, अगर अब भी मंडी पप्रशासन ध्यान नहीं देगा तो जल्दी ही हमारे द्वारा बड़ा आंदोलन किया जायेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी मंडी प्रशासन की रहेगी | कृषि उपज मंडी नीमच के निरीक्षक समीर दास ने बताया कि दो-तीन दिन में समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। वेसे भी स्पीड ब्रेकर बनाने का प्रावधान है, सामग्री भी पड़ी हुई है।

## जनसुनवाई में 40 आवेदनों पर निराकरण के निर्देश जारी किए गए




**रतलाम** जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को जिला कलेक्टर सभाकक्ष में संपन्न हुई। अपर कलेक्टर डा. शालिनी श्रीवास्तव ने जनसुनवाई करते हुए 40 आवेदनों पर निराकरण के निर्देश संबंधित विभागों को जारी किए। जनसुनवाई में बांगरोद निवासी करणसिंह राजपूत ने आवेदन देते हुए बताया प्रार्थी का एक मकान मंदिर के समीप स्थित है। उक्त मकान में एक दुकान संचालित है जो कि प्रार्थी के पास वर्श 199 से है। उक्त मकान का नाम ड्रोन सर्वे में दर्ज नहीं हुआ। ड्रोन सर्वे में मकान का नाम दर्ज किया जाए। आवेदन निराकरण के लिए एसडीएम ग्रामीण के भेजा गया है। कस्तुरबा नगर निवासी नलिनी ने दिए गए आवेदन में बताया कि प्रार्थिया की कृषि भूमि ग्राम सेमलिया में है। उक्त भूमि के खसरा व खतौनी में प्रार्थिया का नाम नलिनीबाई पति शक्तिसिंह लिखा हुआ है एवं राजस्व विभाग की ऋण पुस्तिका में नलिनी नाम दर्ज है। प्रार्थिया के पेन कार्ड, आधार कार्ड तथा समग्र आईडी में भी नाम नलिनी ही दर्ज है। नाम मिस मेच होने के कारण कृशि भूमि से संबंधित दस्तावेज समग्र आईडी से लिंक नहीं हो पा रही है। खसरा व खतौनी दस्तावेज में सुधार कर नलिनी नाम दर्ज किया जाए। आवेदन निराकरण के लिए तहसीलदार रतलाम ग्रामीण को भेजा गया है।

ग्राम रानीसिंग निवासी सुरेश पिता मांगीलाल टांक ने जनसुनवाई के दौरान बताया कि प्रार्थी की पैतृक कृषि भूमि ग्राम में ही स्थित है, जिसमें प्रार्थी के काका द्वारा पटवारी से सांठगांठ कर फर्जी तरीके से संशोधित आदेश के जरिए बंटवारा करवा दिया, जबकि ऐसा कोई आदेश तहसील रिकार्ड में दर्ज नहीं है। इस सम्बन्ध में रावटी लोक सेवा में आवेदन देकर उक्त बंटवारा आदेश की प्रति के लिए आवेदन दिया गया था जिसमें तहसीलदार द्वारा लिखकर दिया गया कि उक्त वर्ष की पंजी क्रमांक 30 तक ही इन्द्राज है इसके आगे कोई बंटवारा पंजी नहीं किया गया है। अतः जांच की जाकर उचित कार्रवाई की जाए। आवेदन निराकरण के लिए एसडीएम सैलाना को भेजा गया है।

## नीमच केंट पुलिस की बड़ी सफलता- भाजपा नेता अनिल नागौरी के घर से लाखों रूपयें नगदी व सोने, हीरे के आभुषण चोरी करने वाला 01 आरोपी गिरफ्तार



**नीमच**। पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसौदिया व नगर पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन (मापुसे) के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी नीमच केंट निरीक्षक पुष्पा सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा दिनांक 28.12.24 को फरियादी अनील पिता राजमल नागौरी, उम्र 60 साल, निवासी 08, 14/3 विकास नगर नीमच के घर से लाखों रूपये नगदी, सोने व हीरे जड़ित जेवर चुराने की घटना का पर्दाफाश करते हुए 01 आरोपी को गिरफ्तार कर 18 लाख रूपयें नगदी, सोना वजनी 330 ग्राम, हीरे के नग 76, अल्टो कार-01, एक टाटा लिलेण्ड ट्रक व एक प्लाट की रजिस्ट्री जप्त करने में सफलता प्राप्त की गई है। जानकारी अनुसार दिनांक 28.12.24 को फरियादी अनील पिता राजमल नागौरी, उम्र 60 साल, निवासी 08, 14/3 विकास नगर नीमच नीमच द्वारा रिपोर्ट की गयी थी कि दिनांक 27.12.2024 को मेरी पत्नी अपनी सोने व हीरे जडित रकमें बैंक के लाकर में रखने हेतु आलमारी खोल कर निकालने लगी तो देखा तो रकमे दराज में नही थी। फिर मेने अपने सीमेंट व पेट्रोल पम्प के व्यवसाय से आये रूपये जो दुसरी आलमारी में रखे थे उसको खोलकर देखते आलमारी में करीब लाखों रूपये भी नही दिखे। कोई अज्ञात बदमाष मेरे घर में रखी आलमारियो का ताला खोलकर नगदी व सोने व हीरे जडिक जेवर चुरा ले गया है। जिस पर से थाना हाजा पर अपराध क 591/24 धारा 331 (4), 305 (ए) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। अपराध की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसौदिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक रंजन के मार्गदर्शन में एक टीम गठित की गयी जिस पर से थाना प्रभारी नीमचकेंट निरीक्षक पुष्पासिंह चौहान के नेतृत्व में थाना नीमचकेंट की टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही कर फरियादी के घर में काम करने वाले संदेही दलीपसिंह पिता किशोरसिंह शेखावत, जाति राजपुत, उम्र 24 साल, निवासी डुंगरगढ हामु नीमच एवं टोनी उर्फ पुरुषोत्तम सिंह शेखावत निवासी डुंगरगढ़ राजस्थान से गहन पुछताछ करते जुर्म स्वीकार किया गया। बाद आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर आरोपी कि निशादेही से चोरी किये 18 लाख रूपये नगदी, सोना वजनी 330 ग्राम, हीरे के नग 76 जप्त किये गये व आरोपी द्वारा फरियादी के घर से चोरी किये रूपयो से खरीदी अल्टो कार, एक टाटा लिलेण्ड ट्रक जप्त किये गयें। उक्त सराहनीय कार्यवाही में थाना प्रभारी नीमच केंट पुष्पा सिंह चौहान, थाना नीमच केंट टीम व सायबर सेल नीमच की टीम का विशेष सराहनीय योगदान रहा।

## दिव्यांग को देख कलेक्टर हिमांशु चंद्रा उतरे गाड़ी से दी तुरंत आर्थिक सहायता

ब्यूरो रिपोर्ट- जी एस परिहार

**नीमच**। नीमच में शासन के निर्देश पर प्रति मंगलवार को जन सुनवाई की जाती हैं दोपहर 11 से 1 बजे तक की जाती हैं जहां पर आम जन अपनी समस्या को लेकर आते हैं और उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाता हैं पर एक दिव्यांग के मामले में कलेक्टर ने मानवता का परिचय दिया और उसकी समस्या भी हल कर दी। जानकारी के अनुसार दिव्यांग विजय कुमार भी जन सुनवाई में आवेदन देने आया था परंतु वह समय पर नहीं आ सका और कलेक्टर गेट पर रुक गया तभी जन सुनवाई समाप्त होने के बाद हिमांशु चंद्रा कलेक्टर लंच के लिए अपने घर के लिए निकले और गेट पर एक दिव्यांग को देख गाड़ी रुकवाकर दिव्यांग विजय कुमार से पूछा कि यहां क्यों बैठे हो दिव्यांग बोला जन सुनवाई में आवेदन देने आया था कलेक्टर ने पूछा कि क्या समस्या है तब दिव्यांग बोला कि वर्ष 2024 में तीन चार बार आवेदन दिया मेरी व्हील चेयर साइकल में बैट्री खराब हो गई और नई बारा




हजार रुपए की आ रही हैं में दिव्यांग हु ओर घर की हालत भी खराब है यह सुनकर हिमांशु चंद्रा कलेक्टर ने तुरंत संबोधित अधिकारी को बुलाया और



दिव्यांग विजय कुमार के खाते में बारा हजार रुपए डालने के आदेश दे दिए यह दृश्य देख कर दिव्यांग और आम जन कलेक्टर हिमांशु चंद्रा की सराहना भीकरते दिखे।

# सकल ग्राम के ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, प्रधानमंत्री आवास की मांग

**नीमच**। सकल ग्राम के ग्रामीण बड़ी संख्या में नीमच कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के नाम ज्ञापन सौंपते हुए प्रधानमंत्री आवास की मांग की। ग्रामीणों का कहना था कि उनके गांव में कई सालों से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान नहीं दिए गए हैं, जिससे वे गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में बड़ी संख्या में गरीब परिवार निवास करते हैं, और अधिकांश लोग कच्चे मकानों में रहते हैं। खासकर बारिश के मौसम में इन कच्चे घरों में रहने वाली समस्या और भी बढ़ जाती है। घरों की जर्जर हालत के कारण इन परिवारों को बारिश और अन्य प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का आरोप था कि उन्होंने इस मुद्दे को कई बार सरपंच और सचिव के सामने उठाया, लेकिन उन्हें केवल आश्वासन ही मिलते रहे, कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ऐसे में उन्होंने अपनी समस्या को कलेक्टर तक पहुंचाने का निर्णय लिया। इस पूरे मामले पर कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने ग्रामीणों की बात को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है। कलेक्टर ने कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिए जाएंगे और इस मुद्दे पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी, ताकि ग्रामीणों को आवासीय समस्या का समाधान मिल सके।



स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अविनाश जाजपुरा के द्वारा यश प्रिंटिंग प्रेस स्कीम नम्बर 36 ए कलेक्टर कार्यालय के सामने मुद्रित एवं कास्मो स्कूल के पास इन्दिरा नगर नीमच से प्रकाशित - सम्पर्क 9893796737 (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र नीमच रहेगा ।)